# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पीएम मोदी पर हमला : 'पहले अपनी श्रीमती को सिंदूर दीजिए, फिर ऑपरेशन सिंदूर की बात कीजिए'.


Publisher

Published on 30 May 2025





## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ममता बनर्जी ने पीएम मोदी और भाजपा पर साधा निशाना, कहा- "राजनीतिक फायदे के लिए सैन्य कार्रवाई को भी रंग दिया जा रहा है"

**पश्चिम बंगाल :** पश्चिम बंगाल की **मुख्यमंत्री ममता बनर्जी** ने प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** पर '**ऑपरेशन सिंदूर**' को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चुनावी फायदे के लिए देश की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील विषयों का राजनीतिकरण कर रही है। बनर्जी ने कहा, "प्रधानमंत्री पहले अपने निजी जीवन में सिंदूर का महत्व समझें, फिर देशभर में महिलाओं को सिंदूर बांटने की बात करें।"

राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में ममता बनर्जी ने **भाजपा** और **प्रधानमंत्री** पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, वह न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि **दुर्भाग्यपूर्ण** भी है। '**ऑपरेशन सिंदूर**' और '**ऑपरेशन बंगाल**' जैसे शब्दों का उपयोग कर बीजेपी राजनीतिक एजेंडा साधने की कोशिश कर रही है।"

**ममता का तीखा हमला : "पहले अपनी श्रीमती को सिंदूर दें"**

सिंदूर से जुड़ी भाजपा की कथित योजना पर ममता ने कहा, "हर महिला का सम्मान होता है और वे सिंदूर अपने पति से ही स्वीकार करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी, आप पहले अपनी श्रीमती को सिंदूर क्यों नहीं देते?" उन्होंने यह भी कहा कि वो निजी टिप्पणी नहीं करना चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें मजबूर किया।

### 'ऑपरेशन बंगाल' पर भी भड़कीं ममता

भाजपा नेता **सुकांत मजूमदार** ने हाल ही में बयान दिया था कि **टीएमसी** को आगामी विधानसभा चुनाव में **बंगाल की खाड़ी मे फेकंना** है। इसके जवाब में ममता ने कहा, "**अगर भाजपा को चुनाव लड़ना है, तो हम तैयार है**। लेकिन आप सैन्य अभियानों का राजनीतिक नामकरण कर जनता की भावनाओं से मत खेलिए।"

### मोदी का पलटवार और ममता का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली में पश्चिम बंगाल की सरकार को "**निर्मम, भ्रष्ट और हिंसात्मक**" करार दिया था। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं असुरक्षित हैं और शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो चुकी है। जवाब में ममता ने **मुर्शिदाबाद** और **मालदा** की घटनाओं को भाजपा की साजिश बताया और कहा कि उनके पास इसके प्रमाण हैं।

### ममता बनर्जी का केद्रं को सवाल :

मुख्यमंत्री ने कहा, "पहलगाम हमले के दोषियों को अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया ? और हमारे राज्य का **1.75 लाख करोड़ रुपये** का बकाया कब जारी किया जाएगा ?"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.